Vikas Parakh-January-20.qxd 1/1/2020 9:40 AM Page 1

www.vikasparakh.com

छत्तीसगढ़ विषयक मासिक पत्रिका

विकास परख

● वर्ष- 5, ● अंक- 09 ● रायपुर, 1 जनवरी 2020 ● मूल्य -30 रुपए ● पृष्ठ- 32

विषय क्रम

» छग मड़ई-मेला

» छत्तीसगढ़ आभूषण

» छत्तीसगढ़ विभूति

» राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव-2019

प्रारंभिक परीक्षा को ध्यान रखते हुए जनवरी एवं फरवरी माह में निबंध प्रकाशित नहीं किए जा रहे हैं।

मानव विकास सूचकांक भारत 129वां स्थान पर

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के मुताबिक साल 2019 में मानव विकास सूचकांक (Human Development INde&) के मामले में भारत की HDI के मामले में 189 देशों के बीच रैंकिंग 129 हो गई है. पिछले साल भारत इसमें 130 वें नम्बर पर था.

रिपोर्ट बताती है कि भारत में अभी भी 36.4 करोड़ गरीब रह रहे हैं, जो कुल दुनिया के गरीबों की आबादी का 28 फीसदी है। दुनिया भर में गरीबों की संख्या 130 करोड़ है। 1990 से 2018 के दौरान भारत में मानव विकास सूचकांक मूल्यों में लगभग 50 फीसदी की वृद्धि हुई है। पिछले तीन दशकों में भारत में जन्म के समय जीवन प्रत्याशा में 11.6 वर्ष की वृद्धि हुई, जबकि स्कूली शिक्षा की औसत संख्या में 3.5 वर्ष की वृद्धि हुई और प्रति व्यक्ति आय 250 गुना बढ़ गई। लिंग विकास सूचकांक के मामले में भारत की स्थिति दक्षिण एशियाई औसत से केवल मामूली बेहतर है। 2018 में लिंग असमानता सूचकांक में भारत का नंबर 162 देशों की सूची में 122वां था।

क्या है मानव विकास सूचकांक?

मानव विकास सूचकांक को अर्थशास्त्री महबूब-उल-हक ने तैयार किया था. पहला मानव विकास सूचकांक साल 1990 में जारी किया गया था. तब से हर साल संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा इसे प्रकाशित करता है.

मुख्य बिंदु

- HDR-2019 में 0.954 HDI मूल्य के साथ नॉर्वे इस सूचकांक में प्रथम स्थान पर है।

ज्ञातव्य है कि संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा वर्ष 2010 से मानव विकास रिपोर्ट हेतु NDP द्वारा HDI की गणना में नई प्रविधि का प्रयोग किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 3 संकेतक शामिल हैं-

(i) जीवन प्रत्याशा सूचकांक (LEI)
(ii) शिक्षा सूचकांक (EI)।
(iii) आय सूचकांक (II)।

जनरल रावत पहले सीडीएस नियुक्त

सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत को देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त किया गया है। जनरल रावत का सीडएस के तौर पर कार्यकाल 31 दिसंबर से शुरू होगा और वह अगले आदेश तक इस पद पर रहेंगे। मंत्रिमंडल ने रक्षा मंत्रालय में सैन्य मामलों के एक नये विभाग के गठन को भी मंजूरी दी थी। सीडीएस इस विभाग के प्रमुख तथा सचिव होंगे। सीडीएस के पद पर नियुक्त होने वाला अधिकारी चार स्टार के रैंक वाला जनरल होगा। उनका वेतन तीनों सेनाओं के प्रमुखों के समान होगा। वह सरकार को रक्षा मामलों में सलाह देने वाला बड़ा अधिकारी होगा। सीडीएस सैन्य मामलों के विभाग के प्रमुख के साथ साथ सेना प्रमुखों की स्टाफ समिति का स्थायी अध्यक्ष भी होगा। सीडीएस की अध्यक्षता वाला सैन्य मामलों का विभाग तीनों सेनाओं के साथ साथ रक्षा मंत्रालय के एकीकृत मुख्यालय के मामले देखेगा जिसमें सेना मुख्यालय, नौसेना मुख्यालय, वायु सेना मुख्यालय और रक्षा स्टाफ मुख्यालय शामिल हैं। तीनों सेनाओं के मामलों के बारे में सीडीएस रक्षा मंत्री के प्रधान सैन्य सलाहकार भी होंगे।



CGPSC-2019
प्रारंभिक परीक्षा के लिए विशेष सामग्री
वार्षिकी 2020 उपलब्ध

छत्तीसगढ़ को पांचवी बार कृषि कर्मण पुरस्कार

भारत सरकार कृषि मंत्रालय द्वारा कृषि के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों को दिया जाने वाला कृषि कर्मण पुरस्कार हेतु छत्तीसगढ़ को एक बार फिर चयनित किया गया है। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2016-17 में कुल खाद्यान्न उत्पादन श्रेणी-2 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह पुरस्कार दिया जाएगा।

बेहतर कृषि तकनीक को देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य को इस बार राजस्थान व महाराष्ट्र के साथ संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इस पुरस्कार के साथ राज्य को कृषि मंत्रालय पांच करोड़ रुपये भी प्रदान करेगा। कृषि कर्मण पुरस्कार इससे पहले भी राज्य को मिल चुका है।

- छत्तीसगढ़ को केन्द्र सरकार से पहला कृषि कर्मण पुरस्कार 16 जुलाई 2011 को मिला था। उस समय मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के हाथों इसे ग्रहण किया था।
- दूसरी बार 10 फरवरी 2014 को राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी के हाथों नई दिल्ली में
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हाथों राजस्थान के श्रीगंगानगर में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने राज्य के लिए यह पुरस्कार ग्रहण किया था।
- प्रथम तीन कृषि कर्मण पुरस्कार चावल उत्पादन के लिए प्राप्त हुए थे।
- वर्ष 2014-15 के रिकार्ड दलहन उत्पादन के लिए डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री के हाथों दो करोड़ रूपए का यह पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र ग्रहण किया था।

संपर्क सूत्र- 7587776754 E-mail-mail.vikasparakh@gmail.com

Vikas Parakh-January-20.qxd 1/1/2020 9:40 AM Page 2

संपादकीय

नए साल की उम्मीदें

वर्ष 2019 बीत गया। बीते वर्ष देश और खासकर छत्तीसगढ़ साल भर चुनाव के दौर में रहा। वर्ष 2018 के बीतते-बीतते प्रदेश में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की नई सरकार बनी। भाजपा के 15 वर्ष के शासन के बाद नई सरकार के कामकाज, नीतियां और कार्यक्रमों के तौर-तरीके बदल गए। देश में लोकसभा का चुनाव हुआ और जनता ने एक बार फिर तमाम आशंकाओं को दरकिनार करते हुए नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली एनडीए को पूर्ण बहुमत देकर मजबूत सरकार के गठन का आदेश दिया। भारतीय नता पार्टी अपने बूते 300 से अधिक सीटें जीतने में कामयाब रही। इसके बाद महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा जैसे राज्यों में चुनाव होते रहें। प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव हाल में सम्पन्न हुआ, अभी बदली पद्धति के अनुसार पार्षदों के द्वारा महापौर के चुनाव विभिन्न नगर निगमों में करना शेष है। ऐसी स्थिति में जब माहौल राजनैतिक हो तो समाज भी राजनीति में रम जाता है। युवा वर्ग भविष्य का शासक है, इसलिए उनका मन भी राजनीति के क्षेत्र में ज्यादा लगता है। लेकिन अब राजनैतिक सरगर्मियां शांत होने को हैं। अगले चार वर्षों तक देश और राज्य में मजबूत सरकार अपना काम करेगी। सरकार के अच्छे कामकाज के लिए योग्य प्रशासकों की आवश्यकता होती है लेकिन देश और राज्य की उन्नति के लिए जागरूक, ऊर्जावान और जोखिम लेने वाला युवा की आवश्यकता है।

देश में आर्थिक विकास की दर कमजोर है। इसके पीछे बड़ी वजह देश के अंदर में औद्योगिक उत्पादन में गिरावट है, जबतक उद्योग मजबूत नहीं होंगे तब तक देश के नौजवानों को रोजगार के बेहतर अवसर नहीं मिलेंगे। अर्थव्यवस्था की प्रगति इस बात पर निर्भर नहीं करती है कि बड़े औद्योगिक घराने कितने सम्पन्न हो रहे हैं। बल्कि इस बात पर निर्भर करती है कि छोटे-छोटे उद्यम लगाकर स्थानीय स्तर पर लोग अपना जीवनयापन चला पाते हैं या नहीं। छोटे उद्यम से ही अधिक रोजगार के अवसर पैदा होते हैं, इसलिए केंद्र सरकार लगातार मुद्रा योजना या स्टार्ट-अप, स्टैण्ड-अप के माध्यम से देश के युवाओं को अपना रोजगार स्वयं खड़ा करने की दिशा में काम कर रही हैं। जो युवा देश की प्रशासनिक सेवा में जाकर समाज का भला करना चाहते हैं वे अपनी योग्यता और साम्र्थ्य के अनुसार अपना निर्णय करें, किंतु जो युवा सरकारी या निजी नौकरी की आस में बैठे हैं, उन्हें अपना उद्यम शुरु करने पर विचार करना चाहिए। नए साल में नई सोच लेकर रोजगार पाने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनें, यही नए साल की बड़ी उम्मीदें हैं। ***शुभकामनाएं...***

बैगा जनजाति के लोक नृत्य

छत्तीसगढ़ राज्य की 5 विशेष पिछड़ी जनजातियों में से एक बैगा जनजाति है। बैगा जनजाति अपने ईष्ट देव की स्तुति, तीज-त्यौहार, उत्सव एवं मनोरंजन की दृष्टि से विभिन्न लोकगीत एवं नृत्य का गायन समूह में करते हैं। इनके लोकगीत और नृत्य में करमा, रीना-सैला, ददरिया, बिहाव, फाग आदि प्रमुख हैं।

'रीना सैला नृत्य'

बैगा जनजाति की माताएं अपने छोटे शिशु को सिखाने एवं वात्सल्य के रूप में रीना का गायन करती हैं। वेशभूषा महिलाएं सफेद रंग की साड़ी धारण करती हैं। गले में सुता-माला, कान में ढार, बांह में नागमोरी, हाथ में चूड़ी, पैर में कांसे का चूड़ा एवं ककनी, बनुरिया से श्रंगार करती हैं। वाद्य यंत्रों में ढोल, टीमकी, बांसुरी, ठीसकी, पैजना आदि का प्रयोग किया जाता है। सैला बैगा जनजाति के पुरूषों के द्वारा सैला नृत्य शैला ईष्ट देव एवं पूर्वज देव जैसे-करमदेव, ग्राम देव, ठाकुर देव, धरती माता तथा कुल देव नांगा बैगा, बैगीन को सुमिरन कर अपने फसलों के पक जाने पर धन्यवाद स्वरूप अपने परिवार के सुख-समृद्धि की स्थिति का एक दूसरे को शैला गीत एवं नृत्य के माध्यम से बताने का प्रयास किया जाता है। इनकी वेशभूषा पुरूष धोती, कुरता, जॉकेट, पगड़ी, पैर में पैजना, गले में रंगबिरंगी सूता माला धारण करते है। वाद्य यंत्रों में मांदर,ढोल, टीमकी, बांसुरी, पैजना आदि का प्रमुख रूप से उपयोग करते हैं। बोली बैगा जनजाति द्वारा रीना एवं शैला का गायन स्वयं की बैगानी बोली में किया जाता है। यह नृत्य प्राय: क्वार से कार्तिक माह के बीच मनाए जाने वाले उत्सवों, त्यौहारों में किया जाता है।

'दशहेरा करमा नृत्य'

बैगा जनजाति समुदाय द्वारा करमा नृत्य भादो पुन्नी से माधी पुन्नी के समय किया जाता है। इस समुदाय के पुरूष सदस्य अन्य ग्रामों में जाकर करमा नृत्य के लिए ग्राम के सदस्यों को आवाहन करते हैं। जिसके प्रतिउत्तर में उस ग्राम की महिलाएं श्रृंगार कर आती है। इसके बाद प्रश्नोत्तरी के रूप में करमा गायन एवं नृत्य किया जाता है। इसी प्रकार अन्य ग्राम से आमंत्रण आने पर भी बैगा स्त्री-पुरूष के दल द्वारा करमा किया जाता है। करमा रात्रि के समय ग्राम में एक निर्धारित खुला स्थान जिस खरना कहा जाता है में अलाव जलाकर सभी आयु के स्त्री, पुरूष एवं बच्चे नृत्य करते हुए करते है। अपने सुख-दु:ख को एक-दूसरे को प्रश्न एवं उत्तर के रूप में गीत एवं नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत करते है।

करमा नृत्य के माध्यम से बैगा जनजाति में परस्पर सामन्जस्य, सुख-दु:ख के लेन देन के साथ ही नव युवक-युवतियां भी आपस में परिचय प्राप्त करते है। इस नृत्य में महिला सदस्यों द्वारा विशेष श्रृंगार किया जाता है। जिसमें यह चरखाना (खादी) का प्राय: लाल एवं सफेद रंग का लुगड़ा, लाल रंग की ब्लाउज, सिर पर मोर पंख की कलगी, कानों में ढार, गले में सुता-माला, बांह में नागमोरी, कलाई में रंगीन चूड़िया एवं पैरों में पाजनी और विशेष रूप से सिर के बाल से कमर के नीचे तक बीरन घास की बनी लड़ियां धारण करती हैं, जिससे इनका सौंदर्य एवं श्रृंगार देखते ही बनता है। पुरूष वर्ग भी श्रृंगार के रूप में सफेद रंग की धोती, कुरता, काले रंग की कोट, जाकेट, सिर पर मोर पंख लगी पगड़ी और गले में आवश्यकतानुसार माला धारण करते हैं। वाद्य यंत्रों में मांदर, टिमकी, ढोल, बांसुरी, ठिचकी, पैजना आदि का उपयोग किया जाता है।

ललित चतुर्वेदी

विकास परख वार्षिक सदस्यता योजना

शुल्क एक वर्ष : 300+ 50 रूपए डाक व्यय = 350 रूपए

कृपया सदस्यता शुक्ल नकद/ मनी ऑर्डर/बैंक ड्राफ्ट द्वारा या नेट बैंकिंग से विकास परख के नाम से एकाउंट नंबर (A/C. 496801010036892, IFS-Code-UBIN 0549681) में नेट बैंकिंग/मनी आर्डर/बैंक ड्राफ्ट/नगद के माध्यम से जमा कर रसीद को प्रमाण के रुप में **व्हाट्अप नं. 7587776754** में भेजें।

कृपया अपना पता भेजें :
नाम-
पता-
मकान नं.- गली नं-
पोस्ट/तहसील-
जिला- राज्य-
पिन कोड -फोन नं.-
प्रमाण हेतु मनी आर्डर/ बैंक ड्राफ्ट की फोटो प्रति

नोट: **वार्षिक सदस्यता योजना दुरस्थ इलाकों में रहने वाले प्रतियोगियों की सहायता के उद्देश्य से अतिरिक्त समय निकालकर सावधानीपूर्वक की जाने वाली सेवा है। जो कि डाक विभाग द्वारा निर्धारित तिथि हर माह की 5 तारीख को निश्चित रुप से एक साथ सभी सदस्यों को पोस्ट कर दी जाती है। सदस्यों को पहुंचने में होने वाली देरी कोई तकनीकी त्रुटि या पोस्ट आफिस सेवा की चूक होती है। कृपया उक्त भाव को समझते हुए ही अपनी सदस्यता सुनिश्चित करें।**

सदस्यता तिथि समाप्त होने से पूर्व नवनीकरण करा लें ताकि निरंतरता बनी रहे।

विकास परख
द्वारा- गुरूकुल, 29/1110, सेवती स्मृति, आजाद चौक, रायपुर छ.ग. मो. 75877-76754

पत्रिका मिलने का स्थान

रायपुर
- रामचन्द्र बुक स्टॉल, पुराना बस स्टैण्ड
- कुशल बुक स्टॉल, पुराना बस स्टैण्ड
- अजय बुक डिपो, सदर बाजार
- सुरेश बुक डिपो, सदर बाजार
- महामाया बुक डिपो, काली बाड़ी चौक
- गुप्ता पुस्तक मंदिर
- अनिल बुक डिपो

राजनांदगांव
- अजय पुस्तक महल जयस्तंभ चौक
- भारती भंडार, भारत माता चौक
- गुप्ता बुक डिपो

डोंगरगांव
- जैन बुक स्टाल, पुराना बस स्टैण्ड

अंबिकापुर
- अंबिका बुक डिपो, उर्सु लाइन नवापारा

बिलासपुर
- एलोरा बुक डिपो, पुराना हाईकोर्ट रोड
- महामाया बुक डिपो, पुराना हाईकोर्ट रोड
- बुक च्वॉईस सेंटर, जीत टाकीज के पास
- देवांगन बुक डिपो, पुराना हाईकोर्ट
- नर्मदा बुक डिपो

धमतरी
- आदित्य बुक स्टाल, सिहावा चौक

महासमुंद
- अरिहंत बुक डिपो, अपना बाजार

दुर्ग
- खेमका बुक डिपो, दीपक नगर

जगदलपुर
- दंतेश्वरी बुक डिपो

पत्र भेजें

छत्तीसगढ़ आधारित प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रख के विकास परख का प्रकाशन किया जा रहा है। हमारा यह अंक आपको कैसा लगा? अथवा आप किस प्रकार की सामग्री विकास परख में शामिल करवाना चाहते हैं। इस संबंध में हमें mail.vikas-parakh@gmail.com पर पत्र भेजें अथवा आप 7587776754 पर मैसेज भी कर सकते हैं।

सूचना- प्रकाशित अंक में कोई त्रुटि होने पर कृपया मोबाइल नं. 7587776754 पर त्रुटि पृष्ठ का फोटो या संदेश व्हाट्अप अथवा एसएमस करें।

विकास परख
स्वत्वाधिकारी,मुद्रक एवं प्रकाशक-शत्रुघन प्रसाद शर्मा द्वारा मीडिया मिशन प्राईवेट लिमिटेड, प्रेस काम्प्लेक्स रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.), छत्तीसगढ़ से मुद्रित एवं 29/1110, सेवती स्मृति आजाद चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित।
आरएनआई रजि. क्र.-
CHHHIN/2015/65135
Postal Regn No.C.G./RYP
DN/57/2016-18
फोन-7587776754
संपादक
डॉ. स्मिता शर्मा
सहयोगी
● श्वेता दीवान ● निवेदिता बैस
आकल्पन एवं कला संयोजन
मीना निब्रड एवं कृष्णा वर्मा

Vikas Parakh-January-20.qxd 1/1/2020 9:41 AM Page 4

व्यक्तित्व

आर.बी.पी. सिन्हा और संजय शुक्ला

राज्य शासन द्वारा भारतीय वन सेवा के दो अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षकों को प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री आर.बी.पी. सिन्हा को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कार्य आयोजना) के पद पर पदोन्नत करते हुए अरण्य भवन, नवा रायपुर अटल नगर में पदस्थापना की गई है।

इसी तरह अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक तथा अपर प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ श्री संजय शुक्ला को प्रधान मुख्य वन संरक्षक तथा प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य लधु वनोपज संघ के पद पर पदोन्नत करते हुए नवा रायपुर, अटल नगर में पदस्थापना की गई है।

उमा देवी

आईएफएस उमा देवी केंद्र सरकार में एडिश्नल सिकरेट्री बनायी गयी है। छत्तीसगढ़ की वो पहली और इकलौती अफसर हैं, जिन्हे गर्वमेंट आफ इंडिया ने एडिश्नल सिकरेट्री का पोस्ट मिला है। 1987 बैच की आईएफएस अफसर उमा देवी की पोस्टिंग एसीसी यानि अपाइंटमेंट कमेटी आफ द कैबिनेट के अप्रूवल के बाद हुई है। उमा देवी को वन एवं पर्यावरण जलवायु परिवर्तन विभाग में एडिश्नल सिकरेट्री बनाया गया है। छत्तीसगढ़ कैडर की इकलौती एडिश्नल सिकरेट्री होगी, इससे पहले सूबे आईएएस अफसर भी जो सेंट्रल में पोस्टेड हैं, वो भी अभी तक ज्यादातर ज्वाइंट सिकरेट्री तक ही पहुंच पाये हैं। इससे पहले केंद्र सरकार ने कुल 16 अफसरों के प्रमोशन लिस्ट जारी की है। उस सूची में उमा देवी छत्तीसगढ़ की इकलौती अफसर हैं।

राजेश दवे

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव और रणजी खिलाड़ी राजेश दवे को भारतीय महिला टीम का मैनेजर बनाया गया है। वे टीम के साथ आस्ट्रेलिया टूर पर दिसंबर को जाएंगे। यह टीम तीन अंतरराष्ट्रीय वन-डे और तीन टी-20 मैच आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी।

श्री मयंक श्रीवास्तव

पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी ने सहायक पुलिस महानिरीक्षक मयंक श्रीवास्तव को स्पोर्टस प्रमोशन अधिकारी नियुक्त किया है।

छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय में खेलो को बढ़ावा देने के लिए अलग से अधिकारी नियुक्त करने से पुलिस विभाग में खेलो के प्रति सम्मान बढ़ेगा। सहायक पुलिस महानिरीक्षक श्रीवास्तव को खेलो को बढ़ावा देने के लिए योजना बनाने और खेल गतिविधियों में समन्वय लाने का दायित्व दिया गया है।

रीना कंगाले

2003 बैच की आईएएस रीना कंगाले प्रदेश की पहली महिला मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी होंगी। वे सुब्रत साहू का स्थान लेंगी। जिन्हें राज्य सरकार ने प्रमुख सचिव गृह के पद पर नियुक्त किया था। कार्यभार ग्रहण कर राज्य सरकार के अधीन सभी पदभार को छोड़ देंगी।

निधन

चन्द्रकांत उइके

छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस चन्द्रकांत उइके का निधन हो गया. चन्द्रकांत उइके समाज कल्याण विभाग के संचालक पद पर पदस्थ थे। उइके ने राज्य शासन में अनेक महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी.

नत्थू दादा

बॉलीवुड के बौने कलाकार के रूप में मशहूर नत्थू दादा नहीं रहे। करीब सौ से ज्यादा हिंदी फिल्मों में काम कर चुके कलाकार नत्थू राम यानि कि नत्थू दादा रामटेके ने राजकपूर के साथ मेरा नाम जोकर से अपने फिल्मी कैरियर की शुरूआत की थी। फिल्मों से रिटायरमेंट के बाद वे राजनांदगांव के रामपुर गांव में पिछले कई सालों से रहे थे। राजकपूर, अमिताभ बच्चन, धर्मेन्द्र, राजकुमार, प्रेमनाथ, दारा सिंह, अमजद खान, फिरोज खान, डैनी जैसे कई बड़े कलाकारों के साथ इसकी कई फिल्में चर्चित रहीं। अमिताभ बच्चन के साथ कस्मे वादे फिल्म में काम किया।

मिथलेश साहू

लोक गायक मिथलेश साहू का निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वे अपनी सुमधुर आवाज में गाये छत्तीसगढ़ी गीतों के जरिए छत्तीसगढ़ी संस्कृति के चाहने वाले लोगों की बीच विशेष पहचान रखते थे।

विशेष उपलब्धि

- भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा स्थापित दाऊ महासिंह चन्द्राकर सम्मान सन 2000
- छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध फीचर मया दे दे मया ले ले, परदेसी के मया, तोर मया के मारे', 'कारी', 'फुल कुवर, में गायन एवं अभिनय
- दूरदर्शन रायपुर से प्रसारित अपना अंचल कौशल कथा धारावाहिकों में गायन एवं अभिनय
- छत्तीसगढ़ी आडियो कैसेट ममता के मया, पीरा, चिन्हारी, लोक रजनी, पिरोहिल, मया के गीत प भर लाई , लोकरंग के संग, मौर आ जा सजन, मौर जहुरिया, सुमिरन, देखी 2 तोता म्या के मड़वा 'मोर मन बसिया बरी 31 में धन एवं संगत निर्देशन।
- सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक मंच सौनहा बिहान में मुख्य गायक वादक, नर्तक एवं अभिनेता के रूप में संलग्न सन् 1977 से ।
- आकाशवाणी व दूरदर्शन लोक गायक के रूप में संलग्न सन् 1978 से
- इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ छ.ग. के लोक संगीत विभाग में विजिटिंग फेलोशिप सन् 1984 में।

रविकांत कौशिक

वरिष्ठ पत्रकार रविकांत कौशिक का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 60 वर्ष के थे।

पुरस्कार/सम्मान

कांति और भामेश्वरी को मिलेगा राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार

भारतीय बाल कल्याण परिषद नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार-2019 से सम्मानित किया जाएगा,सम्मानित होने वाले बच्चों में छत्तीसगढ़ की दो साहसी बेटियों धमतरी जिले की भामेश्वरी निर्मलकर और सरगुजा जिले की कांति सिंग के नाम की अनुशंसा छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा की गई थी।

भामेश्वरी निर्मलकर

धमतरी जिले के कानीडबरी गांव की भामेश्वरी निर्मलकर (पिता श्री जगदीश निर्मलकर) ने 12 साल की

Vani SAGAR COACHING
CGPSC CGVYAPAM
SSC BANK RAILWAY
Free Demo classe's for 7 Days
New Batch Starts from Every Monday
Beside Chhattisgarh College, Byron Bazar, Raipur (C.G.)
95847-50047, 88395-53519

बिलासपुर ट्यूटोरियल्स दुर्ग
PSC
VYAPAM
RAILWAY
MATHS/REASONING की विशेष कक्षाएँ
STUDY POINT, DEEPAK NAGAR, DURG
6263-722-922, 6262-111-030

Vikas Parakh-January-20.qxd 1/1/2020 9:41 AM Page 25

आधुनिक भारत - परीक्षा उपयोगी तथ्य

- डलहौजी की गोद निषेध की नीति के सर्वप्रथम सतारा, नागपुर, झांसी आदि का विलय हुआ।
- कुशासन के आधार पर अवध तथा हैदराबाद का विलय किया गया।
- पंजाब और सिंध का कुटनीति व्दरा विलय किया गया।
- 29 मार्च 1857 को बैरकपुर (पं. बंगाल) के 34वी. एन.आई. रेजीमेंट के सैनिक मंगल पांडे ने अपने सार्जेंट की हत्या कर दी।
- 1858 ई. में ब्रिटिश संसद ने कानून पारित कर ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन की समाप्ति की घोषणा की तथा भारत पर शासन का अधिकार महारानी के हाथों में आ गया।
- राजस्व वसूली करने वाले बिचौलिये व महाजनों के उदय से ग्रामीण समाज का शोषण तेजी से बढ़ना।
- खेतों व जंगलों परम्परागत आदिवासी अधिकारों का दमन।
- सन्यासी विद्रोह का उल्लेख वन्दे मातरम् के रचयिता बकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय ने अपने प्रसिध्द उपन्यास आनन्दमठ में किया है। इस विद्रोह की खासियत हिन्दू-मुस्लिम एकता थी।
- कूका आंदालोन की शुरूवात 1840 में पश्चिमी पंजाब मे भगत जवाहरमल ने की। इसका उद्देश्य सिक्ख धर्म में आयी कुरीतियों को दूर कर उसे पवित्र बनाना था। इसके नेता रामसिंह कूका को रंगून भेज दिया गया।
- बिहार के चम्पारण जिले के किसानों को अपनी जमीन के 3/20 वें हिस्से में नील की खेती करना अनिवार्य था। इसे तिनकठिया पध्दति कहते थे।
- 1917 में राजकुमार शुक्ल ने गांधीजी को चम्पारण बुलाया। अपने सहयोगियों- ब्रज किशोर, राजेन्द्र प्रसाद, महादेव वर्मा, नरहरि पारेख, जे.बी.कृपलानी, आदि के साथ गाँवो का दौरा किया। सरकार ने एक जाँच आयोग गठित की, जिसमें गाँधीजी को भी शामिल किया गया। बगान मालिक अवैध वसूली का 25 फीसदी वापस करने पर राजी हो गये।
- अप्रैल 1936 में लखनऊ में अखिल भारतीय किसान कांग्रेस की स्थापना हुई, जिसा बाद में नाम बदलकर अखिल भारतीय किसान सभा रखा गया।
- राममोहन राय भारतीय पत्रकारिता के भी अग्रदूत थे। उन्होंने स्वयं बंगाली पत्रिका संवाद कौमुदी का प्रकाशन किया। उन्होंनें फारसी भाषा में भी एक पत्र निकाला जिसका नाम मिराकुल अखबार था।
- सन् 1857 ई. में केशव चन्द्र सेन ब्रम्हा समाज में शामिल हुए। सेन ने ब्रम्हा समाज ऑफ इण्डिया का गठन किया तथा देवेन्द्र नाथ के संगठन को आदि ब्रम्हा समाज कहा जाने लगा।
- गुजरात के स्वामी दयानन्द सरस्वती(मुल नाम मूलशंकर) ने 1875 ई. में बंबई में आर्य समाज की स्थापना की। वे स्वामी विरजानंद के शिष्य थे।
- आर्य समाज व्दारा 1886 ई. में लाहौर में प्रथम एंग्लो-वैदिक स्कूल की स्थापना हुई।
- दयानन्द सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश(हिन्दी), वेद भाष्य तथा वेद भाष्य भूमिका नामक तीन पुस्तकों की रचना की।
- स्वराज शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम दयानन्द सरस्वती ने किया। जो बाद में चलकर स्वाधीनता आन्दोलन का मूलमंत्र बन गया।
- थियोसोफिकल सोसाइटी स्थापना जर्मन और रूसी रक्त की महिला मैडम हेलन पेट्रोवना ब्लेवट्स्की व अमरीकी सैनिक अफसर कर्नल हेनरी स्टील ऑलकाट के संयुक्त सहयोग से 1875 ई. में न्यूयार्क में हुई। सन् 1882 ई. में इस समाज का मुख्यालय मद्रास के पास अडयार में स्थानांतरित कर दिया गया।
- 1898 ई. में एनी बेसेन्ट ने बनारस हिन्दू कालेज की स्थापना की, जो कालांतर में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना का कारण बना।
- पं. ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने 1855 ई. में विधवा एवं पुनर्विवाह की आवाज उठायी।
- देवबंद आन्दोलन की स्थापना 1866 ई. में देवबंद में हुई, इस दार-उल-उलूम कहा जाता था। इस आन्दोलन के नेता मुहम्मद कासिम ननौत्वी(1832-80) तथा रशीद अहमद गंगोही (1828-1905) थे।
- 1932 ई. में गाँधी जी ने दलितों के उत्थान के लिए अखिल भारतीय हरिजन संघ की स्थापना की ।
- लार्ड कार्नवालिस ने 1793 ई. में बंगाल और बिहार में इस्तमरारी बन्दोबस्त की प्रथा का आरंभ किया।
- रीड तथा मुनरो के नेतृत्व में मद्रास के अनेक अधिकारियों ने यह सिफारिश की कि सीधे वास्तविक काश्तकारों के साथ बन्दोबस्त किया जाए। जिस व्यवस्था का प्रस्ताव रखा उसे रैतवारी बन्दोबस्त कहा जाता है।
- गंगा के दोआब, पश्चिमोत्तर प्रांत, मध्य भारत के कुछ भागों और पंजाब जमींदारी प्रथा का एक संशोधित रूप लागू किया गया, जिसे महलवारी प्रथा कहा जाता है।
- भारत में नागरिक सेवा के संगठन का श्रेय लार्ड कार्नवालिस को दिया जाता है।
- वेलेजली ने कलकत्ता में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना 1800 ई. मे की, जहाँ से भारत आने वाले नागरिक प्रशासकों को प्रशिक्षण दिया जा सके।
- वारेन हेस्टिंग्स के समय 1773 ई. मे रेग्यूलेटिंग एक्ट के व्दारा कलकत्ता में एक सुप्रीम कोर्ट की स्थापना की गयी जिसके अधिकार क्षेत्र में कलकत्ता में रहने वाले सभी भारतीय अंग्रेज थे।
- 1823 में जब जॉन एडम्स कार्यवाहक गवर्नर जनरल बने, तब भारतीय प्रेस पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया गया। इस अधिनियम के अनुसार मुद्रक तथा प्रकाशक को मुद्रणालय स्थापित करने के लिए अनुज्ञप्ति लेनी होती थी।
- रेग्यूलेटिंग एक्ट (1773 ई.) ईस्ट इंडिया कंपनी व्दारा किये जा रहे कार्यो पर नियंत्रण, ब्रिटिश सरकार व्दारा गर्वनर जनरल तथा उसकी चार सदस्यीय परिषद व्दारा बंगाल का शासन तथा कलकत्ता मे सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना।
- 1853 ई. में सम्पूर्ण पश्चिमी भारत के लिए थॉमसन पध्दति अपनायी गयी, जिसमें देशी भाषा पर बल दिया गया। 1854 ई. में वुड का घोषणा पत्र आया जिसके अन्तर्गत प्राथमिक स्तर ले लेकर विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा की बात थी।
- 1853 ई. में प्रथम तार लाईन कलकत्ता से आगरा तक शुरू की गई।
- 1865 ई. कलकत्ता, मुम्बई तथा मद्रास मे उच्च न्यायालयों की स्थापना।
- रॉयल टाइटल अधिनियम 1876 ई. पारित जिसके व्दारा महारानी विक्टोरिया को 'केसर ए हिन्द' की उपाधि दी गई।
- 1935 ई. का भारत सरकार अधिनियम पारित। अंग्रेजों व्दारा भारत में किये गये संवैधानिक विकास की अंतिम कड़ी थी।1935 ई. में भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना।
- 1942 ई. क्रिप्स मिशन व्दारा भारत को डोमिनियन स्टेटस का प्रस्ताव जिसे कांग्रेस ने अस्वीकृत कर दिया। गाँधीजी ने इसे पोस्ट डेटेड चेक की उपाधि दी।
- दिल्ली 1911 मे ब्रिटिश सम्राट जार्ज पंचम और महारानी मेरी के भारत आगमन पर उसके स्वागत हेतु दिल्ली में एक दरबार का आयोजन किया गया।
- 1 अप्रैल, 1912 को दिल्ली को कलकत्ता की जगह भारत की नई राजधानी बनाया गया।
- भारत में 1917 से 1918 के मध्य गाँधी जी ने संघर्ष चम्पारण और खेड़ा का किसान आंदोलन तथा अहमदाबाद के मजदूर आंदोलन का सफल नेतृत्व किया।
- चम्पारण सत्याग्रह (1917) के समय ही पहली बार गाँधी जी ने भारत में सत्याग्रह करने की धमकी दी थी। चम्पारण सत्याग्रह के सफल नेतृत्व के बाद ही रवीन्द्र नाथ टैगोर ने गाँधी जी को प्रथम बार महात्मा कहा।
- दिल्ली 1911 मे ब्रिटिश सम्राट जार्ज पंचम और महारानी मेरी के भारत आगमन पर उसके स्वागत हेतु दिल्ली में एक दरबार का आयोजन किया गया।
- 1 अप्रैल 1912 को दिल्ली को कलकत्ता की जगह भारत की नई राजधानी बनाया गया।
- भारत में 1917 से 1918 के मध्य गाँधी जी ने संघर्ष चम्पारण और खेड़ा का किसान आंदोलन तथा अहमदाबाद के मजदूर आंदोलन का सफल नेतृत्व किया।
- चम्पारण सत्याग्रह (1917) के समय ही पहली बार गाँधी जी ने भारत में सत्याग्रह करने की धमकी दी थी। चम्पारण सत्याग्रह के सफल नेतृत्व के बाद ही रवीन्द्र नाथ टैगोर ने गाँधी जी को प्रथम बार महात्मा कहा।
- सितंबर 1932 में गाँधी जी ने हरिजन कल्याण हेतु अखिल भारतीय छुआछुत विरोधी लीग की स्थापना की तथा हरिजन नामक साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन किया।
- 1933 से 35 के मध्य कैम्ब्रिज (इग्लैण्ड) में पढ़ने वाले चौधरी रहमत अली नामक एक मुस्लिम छात्र ने एक पर्चा जारी कर पृथक राज्य पाकिस्तान की मांग की।
- 14 जुलाई 1942 को वर्धा में आयोजित कांग्रेस कार्य समिति की बैठक भारत छोड़ो आंदोलन पर एक प्रस्ताव पारित किया गया।
- ग्वालिया टैंक मैदान अगस्त क्रान्ति मैदान के नाम से भी जाना जाता है।
- ब्रिटेन में विस्टन चर्चिल की कंजरवेटिव के चुनाव हारने के बाद श्रमिक दल के नेता क्लीमेन्ट एटली ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने, उन्होनें सर पैथिक लोरेंस को भारत सचिव नियुक्त किया।
- 29 मार्च 1946 को कैबिनेट मिशन भारत आया। कैबिनेट मिशन के सदस्यों में शामिल थे सर स्टेफर्ड क्रिप्स, श्री ए.बी. अलेक्जेंडर तथा पैथिक लारेंस।
- लार्ड माउन्टबेटेन को स्वतंत्र भारत का प्रथम ब्रिटिश गवर्नर जनरल नियुक्त किया तथा जवाहर लाल नेहरू को भारत का प्रधानमंत्री बनाया गया।

Vikas Parakh-January-20.qxd 1/1/2020 9:41 AM Page 26

छत्तीसगढ़ संस्कृति- परीक्षा उपयोगी तथ्य

- छत्तीसगढ़ के प्रमुख प्रारंभिक पर्व हरेली त्यौहार है । इसमें कृषि उपकरण हलादि और बैलों की पूजा का विधान है।
- कृषकों का प्रारंभिक पर्व कृषि उपकरणों को धो पोंछकर और बैलों को सजा-संवार कर हरेली को मूर्त किया जाता है।
- पुष पूर्णिमा को मनाया जाने वाला छेवर शब्द से विकसित व प्रसारित छेरछेरा त्यौहार में अन्नपूर्णा का दान देकर जब कृषक के यहां अन्नपूर्णा आ जाती है, तब वह अन्नदान महोतस्व छेरछेरा मनाता है।
- तथा कृषकों द्वारा कमाकर कोठी में रखे अन्न पर समाज का हिस्सा है इस आचरित कर दिखाने का उल्लेख छेरछेरा के रूप में प्रचलित है।
- दक्षिण बस्तर की फागुन मंडई विश्व प्रसिद्ध है फागुन मेले में क्षेत्र के करीब सैकड़ों गांव के पांच सौ से अधिक देवी देवता शामिल होने दंतेवाड़ा पहुंचते हैं।
- महाशिवरात्रि के दिन परंपरानुसार अंचल के समस्त देव देवियों को मेला मंडई में शामिल होने हेतु निमंत्रण भेजा जाता है।
- सीताबेंगा में मिला शिलालेख साहित्यिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। लेख मागधी भाषा और ब्राम्ही लिपि में उत्कीण हैं।
- काशीप्रसाद जायसवाल ने सीताबेंगा लेख की लिपि को अशोक के पूर्व माना है।
- रामगढ़ पर्वत की संस्कृति के दो प्रतिनिधि कलाकारों के नाम दूसरी गुफा जोगी माण्डा लेख में मिलते हैं। ये नाम हैं सुतनुका जो देवदासी थी। दूसरा है उसका प्रेमी देवदीन जो रूप गढ़ने में दक्ष था।
- सुतनुका नामक देवदासी जो वरूण की सेवा में समर्पित थी, देवदीन नामक रूपदक्ष से प्रेम करती है। प्यार करने के लिए पाली में कामचित्था शब्द है।
- उसे किसी देव की सेवा में होना चाहिए। देवदासियाँ नृत्य संगीत और अभिनय में प्रवीण होती थीं।
- संभवत: देवदीन इन चित्रकला और नाट्य कला में निश्चित रूप से प्रवीण था।
- संभवत: देवता की सेवा में समर्पित देवदासी (पुजारिन) के लिए किसी पुरूष से प्रेम करना वर्जित था। उसे अपना आचरण पवित्र रखना आवश्यक था। अपने प्रेम प्रसंग को अमरत्व प्रदान करने के लिए उसे लेखबध्द कर दिया गया हो।
- रामगढ़ सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र था।
- नाट्यशाला, नाट्य, काव्य, रूप दक्षता, देवदासित्व, लिपि तथा भाषा के अतिरिक्त रामगढ़ की गुफायें चित्रकला के विकास पर प्रकाश डालती हैं।
- चित्रकला की यात्रा कबरागढ़ और सिंघनपुर के आदिम मानव की सभ्यता पर प्रकाश पड़ता है।
- जोगीमाड़ा गुफा के चित्र सभ्यता के विकास की अवस्था को व्यक्त करते हैं। अब तक भारत में जितने भी चित्र मिले हैं, उनमें सबसे पुराने हैं।
- प्रकृति देवी की पुजा की निमित्त सावन शुक्ल अष्टमी को टोकनियों में खाद मिश्रित मिट्टी में धान, गेहूँ, ज्वार, उड़द के दानों की बोनी कर मुहल्ला प्रमुख के घर में सब लड़कियाँ शाम को एकत्रित होकर भोजली देवी का स्तवन करती है जिसे भोजली गीत कहते है।
- भोजली पहाड़ी राग और दीपचंदी ताल में निबध्द है
- श्रृँगार रस से सराबोर ददरिया बारहमासी गीत है। काम करते-करते थके हुए नर-नारियों के श्रम परिहार की प्रयोग सिध्द पदावली है।
- वियोग की विकलता और संयोग से स्थल संकेत के सिवाय, सवाल-जवाब का बहु प्रचलित सरस सरल माध्यम है।
- इस गीत में बहुत अधिक श्रृँगारिकता है। ददरिया एक सरल छंद है अनेक गाने वाले तुरंत जोड़कर अपनी बात कह लेते है।
- गउरा आदिवासियों का शिवपार्वती विवाह है। दिवाली या देवउठनी एकादशी को मनाना निश्चित कर आराधना का आरंभ किया जाता है।
- स्त्रियों की टोली मिट्टी के सुये की प्रतिमा को टोकनी में लेकर आँगन के बीच रख सुआ को मंडलाकार घेरकर ये नर्तकियाँ ताली बजाती हुई नाचती गाती है।
- गाँव के डंडा नाचने वालों की टोली छेरछेरा, कोठी के धान ला हेरते हेरा ऐसा समूह व घोष करती, किसानों के आँगन में नाचने लगती है, **डंडा गीत** नृत्य गीत है।
- **करमा** छत्तीसगढ़ के वनवासियों का प्रसिध्द नृत्य करमा के गीतों में देवधानी याने ईश्वरपरक और मस मोटाई संबंधी वर्णन मिलता है।
- करम डाल के चारों ओर नवान्न के स्वागत में किया जाने वाला नृत्य करमा है। जिसकी शैलियों के नाम है, यथा लहकी, थेथिहा, झुमर, लफइया, मुहहारी आदि।
- छत्तीसगढ़ की दसमत नामक कन्या की गाथा दसमत कैना, एकांगी (एकतरफ़ा) प्रेम की गाथा है।
- देवार जाति के गायक दसमत कैना लोक गाथा गाते हैं।
- राजनांदगाँव जिले में ओडार बाँध के पास दसमत की समाधि (मंदिर) छत्तीसगढ़ी लोकजीवन में इस गाथा की महत्ता को रेखांकित करती है।
- भादों मास की कृष्णपक्षी चतुर्थी को स्त्रियाँ बहुला चौथ का व्रत करती हैं। पूजन के लिए गाय, बछड़ा, शेर, पहाड़ तथा बनैले जीव-जंतु बनाए जाते हैं।
- इस व्रत में जौ के आटे का फलाहार करते और गाय के दूध का सेवन निषेध मानते हैं।
- पूजा के समय बछड़े द्वारा लात से सिंह को मारने की रस्म भी की जाती है। चाँदी की गौ बनाकर दान भी करते हैं। पूजा का फल मनोकामना पूर्ण करनेवाला, पुत्र-प्राप्ति करानेवाला कहा गया है।
- बस्तर अंचल में अमुस तिहार तथा छत्तीसगढ़ के अन्य भागों में इसे हरेली कहा जाता है।
- अमुस तिहार के अन्तर्गत अपने पालतू पशुओं की पारम्परिक चिकित्सा के माध्यम से मौसमी बीमारियों से रक्षा की विधि अपनाई जाती है,यह मुख्यत: पशुधन पूजा का पर्व है।
- विश्व प्रसिध्द बस्तर दशहरा का विधिवत् शुभारंभ श्रावण मास के अमावस्या से अर्थात् हरियाली अमावस्या से होता है।
- बस्तर अंचल में अमुस में गेड़ी के प्रयोग के संबंध में लोक-मान्यता है कि गेड़ी की सवारी से लोक-देवता घोरंडी देव प्रसन्न होते हैं और वे दुष्ट आत्माओं से परिवारजनों की रक्षा करते हैं।
- आदिम समाज का पुनांग तिंदाना याने नवा खानी भाद्र शुक्ल पक्ष के पंचमी में पोरा नालिन याने चांद दिखने के बाद मनाया जाता है।
- पोला,अगस्त महीने के दौरान कृषि कार्य समाप्त होने के बाद भाद्रपद (भादो) की अमावस्या को मनाया जाता है। जनश्रुति के मुताबिक इस दिन अन्नमाता गर्भधारण करती है
- हरतालिका तीज व्रत भाद्रपद की शुक्ल पक्ष की तृतीया को हस्त नक्षत्र के दिन होता है। इस दिन कुमारी और सौभाग्यवती महिला गौरी-शंकर की पूजा करती है।
- फाग गीत गायन मे प्रमुख नगाड़ा वाद्ययंत्र का उपयोग किया जाता है।
- भरथरी गीतो के गायन में प्रमुख इकतारा वाद्ययंत्र का उपयोग होता है।
- नाचा या छैला नृत्य देवार जाति के व्दारा किया जाता है।
- नाचा की पहली महिला कलाकार फिदाबाई थी।
- नाचा के भविष्य पितामह दाऊ दुलासिंह मदराजी को कहा जाता है। रवेली गांव के मंचीय प्रदर्शन से आरंभ किया।
- गम्मत मे प्रयोग होने वाले प्रमुख वाद्ययंत्र चिंकारा, तबला, मंजीरा है।
